to enable it to pay the cane dues. The steps taken over the last .2-3 years include liberalisation of bank .credit facilities, reduction in bank margins on credit against sugar stock, change in the method of valuation of sugar stocks for credit purposes to the benefit of the industry etc. For the 1985-86 season, the statutory minimum price of sugar cane has been raised to Rs. 16.50 per quintal linked to 8.5% recovery and the ratio of levy freesale sugar has been changed from 65:35 to 55:4s. This should further improve the liquidity of the industry to clear cana price dues promptly. As a result of the efforts of the Central and State Governments, out of the total cane price amounting to Rs. 1263 crores for the 1984-85 season, only about Rs. 26. 75 crores remained to be cleared as on 15-10-85. The corresponding arrears for the 1983-84 season as on 15-10-84 were about Rs. 46 crores.

(b) There is already a provison in the Sugarcane (Control) Order, 1966 for payment of interest 15% per annum for payments delayed beyond 14 days. However, ensuring payments of interest is also the responsibility of the State Governments.

बिहार के मुंगेर जिले में परवल की खेती

2010. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या कृषि मंत्री 9 अगस्त, 1985 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1625 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुंगेर जिले का बरियापुर क्षेत्र देश में परवल सब्जी का सबसे उत्पादक है तथा वह देश में विभिन्न भागों में इस सब्जी को भेजता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने सावर कृषि कालेज के लिए पांच छात्रवृत्तियां मंजूर की हैं; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा) : (क) बिहार के मुंगेर जिले का बैरियारपुर क्षेत्र प्रमुख परमल उगाने वाले क्षेत्रों में से एक है तथा यह देश के विभिन्न भागों के लिए परवल सप्लाई करता है । तथापि, क्षेत्र तथा कुल उत्पादन के संबंध में आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

(ख) जी नहीं, श्रीमन ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

बिहार में फसल बीमा योजना

2011. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या कृषि मंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में 9 अगस्त 1985 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1645 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भागलपुर, मुंगेर जिले के गंगा क्षेत्र के कितने किसानों की फसलों का बीमा किया गया है तथा बीमा की गई फसलों का ब्यौरा क्या है और यदि कोई बीमा नहीं किया गया है तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सकार को इसके कार्यान्वयन में कुछ कठिनाइयां पेश आ रही हैं यदि हां, तो उन्हें दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं;

कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा) : (क) बिहार के खरीफ 1985 मौसम में वृहत फसल बीमा योजना क्रियान्वित की है । जिसमें धान